गांधी शताब्दी

4742. **श्री देवराव पाटिल :** क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि गांधी शताब्दी समिति ने 1969 तक देश के सभी गांवों में बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था के लिए कार्यक्रम बनाया है;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) योजना के अन्तर्गत केन्द्र द्वारा कितना धन व्यय किए जाने की संभावना है ?

शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन) (क) जी, हां।

(ख) प्राणिमात्र को आधार-भूत सुख सुविधाएं प्रदान करने के लिए गांधी शताब्दी की राष्ट्रीय समिति द्वारा गठित की गयी उप-समिति ने 2 अक्टूबर, 1969 तक स्थानीय व्यक्तियों के सक्रिय सहयोग से वर्तमान सरकारी एजेन्सियों तथा पंचायतों और समुदाय विकास संस्थाओं के जरिए देहातों में एक लाख पीने के पानी के कुओं की व्यवस्था के लिए एक कार्यक्रम पर विचार किया है। उप समिति द्वारा एक योजना तैयार की जा रही है और केन्द्रीय तथा राज्य सरकारें इसे कार्यान्वित करने के लिए इस पर विचार करेंगी।

(ग) निर्माण-योजना के अन्तर्गत केन्द्रीय व्यय की स्थिति को इस स्तर पर बताना सम्भव नहीं है।

INTERNATIONAL TOWNSHIP NEAR PONDICHERRY

4743. SHRI SRADHAKAR SUPAKAR : Will the Minister of EDUCATION be pleased to state :

(a) whether an international township is to be built near Pondicherry; and

(b) if so, the total estimated cost of the project and who will bear the cost ?

THE MINISTER OF EDUCATION (DR. TRIGUNA SEN) : (a) Yes, Sir.

(b) According to the very tentative plan prepared by the Sri Aurobindo Society, Pondicherry, which has undertaken this project, the first phase covering the period 1968-73 is likely to cost Rs. 41,72,50,000. The Government of India has not accepted any responsibility for the project and the funds will have to be secured by the Sri Aurobindo Society.

पाकिस्तानियों द्वारा भारतीयों का अपहरण

4744. **श्री ओंकार लाल बेरवा :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पाकिस्तानियों ने 13 जनवरी, 1968 को त्रिपुरा के शंगाई धमा क्षेत्र से 5 श्रमिकों का अपहरण कर लिया था; और

(ख) यदि हां, तो उन्हें वापिस लाने के लिये सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) जी नहीं, श्रीमान्।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

राजस्थान में सीमा सड़कें

4745. **श्री ओंकार लाल बेरवा :** क्या परिवहन तथा नौवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान के सीमा क्षेत्रों में निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले में अब तक कितनी सड़कें बनाई गई हैं और इन सड़कों की लम्बाई कितनी है;

(ख) इन सड़कों के निर्माण के लिये राजस्थान सरकार को अब तक कितनी राशि दी गई है और भुगतान किन-किन तारीखों को किया गया था; और

(ग) इन सड़कों पर निर्माण-कार्य कितनी-कितनी अवधि के लिये स्थगित रहा और इसके क्या कारण थे ?

परिवहन तथा नौवहन मंत्रालय में उप मंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) 13 सड़कों जिनकी लम्बाई कुल मिला कर 920 मील है,